**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2817**
**उत्तर देने की तारीख 10 जुलाई, 2019**

**बीएसएनएल के जीर्णोद्धार हेतु योजना**

**2817. डॉ॰ प्रीतम गोपीनाथराव मुंडेः श्री एस॰ वेंकटेशनः डॉ॰ श्रीकांत एकनाथ शिंदेः श्री गिरीश भालचन्द्र बापटः**

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) द्वारा प्रदान की जा रही लैंडलाईन, मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं में दिन ब दिन गिरावट आ रही है जिसके परिणामस्वरूप ग्राहक अन्य सेवा प्रदाताओं की ओर जा रहे हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या दोनों कंपनियों के पास विशाल अवसंरचना होने के बावजूद उनको भारी घाटा हो रहा है और यदि हां, तो बीएसएनएल को पुनरुद्धार पैकेज प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या बीएसएनएल अपने टावरों के लिए की गई विद्युत की खपत के विद्युत बिल का भुगतान कर पाने में असमर्थ है/भुगतान नहीं किया है जिसके परिणामस्वरूप देश के विभिन्न भागों विशेष रूप से महाराष्ट्र में दूरसंचार सेवाओं में व्यवधान आया है और वे ध्वस्त हो गई हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त विद्युत बिलों का भुगतान नहीं किए जाने के कारण यदि कोई टेलीफोन एक्सचेंज और मोबाइल टावर बेकार हो गए हैं, तो उनका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार को विगत तीन वर्षों के दौरान बीएसएनएल के पुनरुद्धार के संबंध में संसद सदस्यों से कोई अभ्यावेदन/पत्र प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उस पर सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है?

**उत्तर**
**संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री रवि शंकर प्रसाद)**

(क) जी, नही, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण तिमाही निष्पादन मॉनिटरिंग रिपोर्ट (पीएमआर) के माध्यम से समय-समय पर जारी सेवा-गुणवत्ता (क्यूओएस) विनियमों के द्वारा ट्राई द्वारा निर्धारित विभिन्न सेवा-गुणवत्ता (क्यूओएस) मानदंडों के बेंचमार्क के प्रति दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के कार्य-निष्पादन की निगरानी करता है, जिसमें बीएसएनएल और एमटीएनएल शामिल हैं।

मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए ट्राई द्वारा जारी अद्यतन पीएमआर के अनुसार बीएसएनएल बेसिक (वायर लाइन) और ब्रॉडबैंड सेवाओं हेतु सभी बेंचमार्कों को पूरा कर रहा है। सेल्यूलर मोबाइल टेलीफोन सेवा हेतु बीएसएनएल केवल पश्चिम बंगाल सेवा क्षेत्र में "नेटवर्क क्यूओएस डीसीआर स्थानिक वितरण माप या डीसीआर नेटवर्क-क्यूएसडी (90,90) (बेंचमार्क 2 प्रतिशत)" और "नेटवर्क क्यूओएस डीसीआर अस्थाई वितरण माप या डीसीआर नेटवर्क- क्यूटीडी (97,90) बेंचमार्क $\leq$ 3 प्रतिशत)" को छोड़कर अपने सभी लाइसेंस सेवा क्षेत्रों में मानदंडों के बेंचमार्क को पूरा कर रहा है।

जारी...2/-

एमटीएनएल केवल दिल्ली एलएसए में वायरलाइन सेवा में '5 दिनों के भीतर त्रुटि की मरम्मत की प्रतिशतता' (बेंचमार्क 100 प्रतिशत) के मानदंड के अलावा अपने दोनों एलएसए अर्थात दिल्ली और मुंबई में बेसिक (वायरलाइन), सेल्यूलर मोबाइल और ब्रॉडबैंड सेवाओं के क्यूओएस मानदंडों को पूरा करता है।

गत तीन वर्षों के दौरान बीएसएनएल और एमटीएनएल के कुल बाज़ार शेयर (वायरलाइन और मोबाइल) निम्नानुसार है:-

| निम्नलिखित तारीखों को बाज़ार शेयर की प्रतिशतता | | | |
|---|---|---|---|
| सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम | 31.03.2017 | 31.03.2018 | 31.03.2019 |
| बीएसएनएल | 9.63 | 10.26 | 10.72 |
| एमटीएनएल* | 7.37 | 7.16 | 6.95 |

*केवल अपने लाइसेंस सेवा क्षेत्र में एमटीएनएल का बाज़ार शेयर।

बीएसएनएल और एमटीएनएल के पोर्ट-इन और पोर्ट आऊट मोबाइल उपभोक्ताओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| वर्ष | बीएसएनएल | | एमटीएनएल | |
|---|---|---|---|---|
| | पोर्ट-इन | पोर्ट-आउट | पोर्ट-इन | पोर्ट-आउट |
| 2016-17 | 27,77,935 | 20,61,542 | 17,886 | 97,249 |
| 2017-18 | 41,32,600 | 34,96,128 | 8,702 | 1,81,160 |
| 2018-19 | 53,64,649 | 28,27,440 | 10,195 | 1,35,104 |

(ख) वित्त वर्ष 2009-10 से बीएसएनएल और एमटीएनएल लगातार घाटे में चल रहे हैं। भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद और एक निजी परामर्शदाता बीएसएनएल और एमटीएनएल के पुनरुद्धार/पुनर्गठन की योजना की तैयारी को सुकर बनाने के कार्य में व्यस्त हैं। उनकी सिफारिशों के अनुरुप और उनके संबंधित बोर्ड से मंजूरी के पश्चात, बीएसएनएल और एमटीएनएल के लिए व्यापक पुनरुद्धार योजना की तैयारी चल रही है।

(ग) एवं (घ) बिजली के बिलों का भुगतान नही होने के कारण बीएसएनएल के गैर क्रियाशील टेलीफोन एक्सचेंजों और मोबाइल टावरों के राज्य/सर्किल-वार ब्यौरे अनुबंध पर हैं।

(ङ.) दूरसंचार विभाग को संसद सदस्यों से बीएसएनएल के पुनरुद्धार के संबंध में कई अभ्यावेन/पत्र प्राप्त हुए हैं। दूरसंचार विभाग द्वारा पहले ही कार्रवाई आरंभ की जा चुकी है और बीएसएनएल और एमटीएनएल के लिए व्यापक पुनरुद्धार योजना की तैयारी चल रही है।

जारी..3/-

**अनुबंध**

लोक सभा में 'बीएसएनएल के जीर्णोद्धार हेतु योजना' के बारे में माननीय संसद सदस्यों डॉ॰ प्रीतम गोपीनाथराव मुंडे, श्री एस॰ वेंकटेशन, डॉ॰ श्रीकांत एकनाथ शिंदे, श्री गिरीश भामचन्द्र बापट द्वारा दिनांक 10 जुलाई 2019 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 2817 के भाग (ग) एवं (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

| क्रम संख्या | राज्य/संघ राज्य | बिजली के बिलों का भुगतान न करने के कारण गैर-कार्यात्मक टेलीफोन एक्सचेंज | बिजली के बिलों का भुगतान न करने के कारण गैर-कार्यात्मक मोबाइल टॉवर |
|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0 | 11 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 |
| 3 | असम | 0 | 11 |
| 4 | बिहार | 0 | 14 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 0 | 0 |
| 6 | गोवा | 0 | 0 |
| 7 | गुजरात | 3 | 17 |
| 8 | हरियाणा | 13 | 3 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 19 |
| 11 | झारखंड | 0 | 0 |
| 12 | कर्नाटक | 156 | 120 |
| 13 | केरल | 0 | 0 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 0 | 0 |
| 15 | महाराष्ट्र | 178 | 208 |
| 16 | मणिपुर | 1 | 36 |
| 17 | मेघालय | 1 | 6 |
| 18 | मिजोरम | 1 | 0 |
| 19 | नांगालैंड | 5 | 5 |
| 20 | ओडिशा | 0 | 0 |
| 21 | पंजाब | 0 | 2 |
| 22 | राजस्थान | 0 | 0 |
| 23 | सिक्किम | 0 | 0 |
| 24 | तमिलनाडु | 1 | 111 |
| 25 | तेलंगाना | 13 | 76 |
| 26 | त्रिपुरा | 0 | 0 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 132 | 391 |
| 28 | उत्तराखंड | 0 | 3 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 20 | 50 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 |
| 31 | चंडीगढ़ | 0 | 0 |
| 32 | दादर नगर हवेली | 0 | 0 |
| 33 | दमन और दीव | 0 | 0 |
| 34 | दिल्ली | 0 | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | 0 |
| 36 | पुडुच्चेरी | 0 | 0 |
| | कुल | 524 | 1083 |

*******